# ट्रंप के प्लान से भारत को लगेगा बड़ा झटका

**टेंशन**

## अफगानिस्तान से सभी अमेरिकी सैनिकों को तत्काल निकालना चाहते हैं डोनाल्ड ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सैन्य और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सलाहकारों से कहा है कि वे अफगानिस्तान में तैनात सभी अमेरिकी सैनिकों को निकालने की योजना पर काम करें। बताया जा रहा है कि ट्रंप हर दिन यही बात अपने सलाहकारों से दोहरा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति अगर अफगानिस्तान में अपनी योजना पर आगे बढ़ते हैं तो भारत की चिंता काफी बढ़ सकती है।

दरअसल, ट्रंप को यह डर सता रहा है कि युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में कोरोना फैल चुका है और अमेरिकी सैनिक इसके शिकार हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप का कहना है कि अगर अमेरिकी सैनिक अफगानिस्तान में रहेंगे तो उनके हमेशा कोरोना वायरस से संक्रमित होने का डर रहेगा। बताया जा रहा है कि ट्रंप चाहते हैं कि इस साल होने वाले



अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले अफगानिस्तान से सैनिकों को निकाल लिया जाए।

**कोरोना वायरस ट्रंप के सपने में बन रहा बाधाः** इसी को मद्देनजर रखते हुए उन्होंने तालिबान और अफगानिस्तान की सरकार के बीच डील कराई लेकिन यह समझौता अभी पूरी तरह से अमल नहीं हो पाया है। यही नहीं कोरोना वायरस भी ट्रंप के इस सपने में बाधा बन रहा है। इन सबसे ट्रंप बेहद हताश हैं। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा, कोरोना से संक्रमित होने के खतरे को देखते हुए कई लोगों का कहना है कि हमें अफगानिस्तान छोड़ देना चाहिए। ट्रंप प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि कोरोना वायरस को देखते अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने की योजना पर काम चल रहा है। हालांकि एक योजना पर काम चल रहा है, इसके तहत अमेरिकी सैनिकों को अफगानिस्तान के एक या दो स्थानों पर रखा जा सकता है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि अफगानिस्तान में कोरोना वायरस के मामले अनुमान से कम से कम 10 गुना ज्यादा हैं।

**अमेरिकी सेना का जाना पाकिस्तान की सीधी जीतः** विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की इस हड़बड़ी से अगर अमेरिका अपने सारे सैनिकों को अफगानिस्तान से हटा लेता है तो भारत की सुरक्षा चिंता काफी बढ़ जाएगी। यह एक तरीके से पाकिस्तान की बड़ी जीत होगी। हाल ही में अफगानिस्तान में आतंकवादियों ने सिखों के गुरुद्वारे पर भीषण हमला किया था। भारत को बड़ा डर सता रहा है कि अमेरिका के चले जाने के बाद तालिबान फाइटर अफगानिस्तान पर कब्जा कर लेंगे। पाकिस्तान के साथ करीबी रिश्ता रखने वाले तालिबान फाइटर इसके बाद कश्मीर आ सकते हैं और यहां पर हमले कर सकते हैं।

## न्यूज डायरी



### हॉस्पिटल में आखिरी किस, 40 साल साथ निभाने वाले जोड़े ने साथ ही तोड़ा दम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। शादी के वक्त दो लोग जिंदगी और मौत में हमेशा का एक–दूसरे का साथ निभाने की कसमें खाते हैं। हालांकि, यह खुशनसीबी कुछ ही लोगों को मिलती है कि वे अपने प्यार के साथ ही अपनी जिंदगी की आखिरी सांस ले सकें। ऐसी है एक मिसाल ब्रिटेन में देखने को मिली। यहां के एक अस्पताल में एक कैरल क्लीमन और हार्वी क्लीमन एक साथ ही भर्ती किए गए थे और दोनों ने एक ही दिन जिंदगी को अलविदा कह दिया। हार्वी और कैरल पिछले 40 वर्षों से साथ रह रहे थे। क्लेमन की बेटी फ्रांसिस ने बताया, श्मेरे माता–पिता सितंबर महीने में अपनी शादी की 40वीं सालगिरह मनाने वाले थे, लेकिन मैंने उन्हें आखिरी बार हॉस्पिटल में ही एक–दूसरे को किस करते देखा। मुझे बस खुशी है कि वे आखिरी बार एक–दूसरे को देख पा रहे थे।

### लॉकडाउन का फायदा उठाकर युवाओं की ऑनलाइन भर्ती कर रहे हैं चरमपंथी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने सोमवार को पूरी दुनिया को सावधान किया कि चरमपंथी समूह कोविड–19 के कारण लागू लॉकडाउन का फायदा उठा रहे हैं। गुतारेस ने कहा कि कोरोना संकट के इस समय में चरमपंथी गुटों ने युवाओं के गुस्से और निराशा का पूरा फायदा उठाकर उन्हें ऑनलाइन भर्ती करने के लिए सोशल मीडिया पर अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि दुनिया इस अभूतपूर्व वैश्विक स्वास्थ्य संकट के कारण एक पीढ़ी का भटकना बर्दाश्त नहीं कर सकती है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस ने युवा, शांति और सुरक्षा पर ऐतिहासिक प्रस्ताव को अपनाने के पांच साल बाद, समीक्षा के लिए सोमवार को वीडियो कॉफ्रेंस के जरिए बुलाई गई बैठक के दौरान यह टिप्पणी की।

### नेटफ्लिक्स पर छह मई से नजर आएगी मिशेल ओबामा पर बनी डॉक्यूमेंट्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लॉस एंजिलिस। अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा पर बनी बेहद गोपनीय डॉक्यूमेंट्री नेटफ्लिक्स पर छह मई से पूरी दुनिया में दिखाई जाएगी। हॉलीवुड रिपोर्टर के मुताबिक इस डॉक्यूमेंट्री का शीर्षक मिशेल ओबामा के बेहद लोकप्रिय संस्मरण "बीकमिंग'' के नाम पर ही है और इसमें उनके जीवन के उसी इतिहास का वर्णन है। ''बीकमिंग'' का निर्माण, सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री फीचर ऑस्कर विजेता "अमेरिकन फैक्टरी" बनाने वाली निर्माता कंपनी हायर ग्राउंड ने किया है। यह कंपनी पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और पूर्व प्रथम महिला की है जिनका नेटफ्लिक्स के साथ विशेष समझौता है। इस डॉक्यूमेंट्री के साथ चलचित्रकार नादिया हॉलग्रेन निर्देशन की दुनिया में कदम रख रही हैं। उन्हें ''ट्रबल द वॉटर" पर अपने काम के लिए प्रसिद्धि प्राप्त है। ''बीकमिंग'' में संस्मरण में जहां कहानी खत्म होती है उससे आगे की कहानी है जहां मिशेल अपनी किताब का प्रचार करने के लिए 34 शहरों का दौरा करती हैं।

### चीन के खिलाफ 'बेहद गंभीर जांच' कर रहा है अमेरिकाः ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के संबंध में चीन के खिलाफ 'बेहद गंभीरता से जांच' कर रहा है। ट्रंप ने इस कथन से संकेत दिया है कि अमेरिकी प्रशासन बीजिंग से जर्मनी द्वारा मुआवजे के रूप में मांगे गए 140 अरब डॉलर से कहीं बड़े मुआवजे के बारे में सोच रहे हैं। चीन में पिछले साल मध्य नवंबर में उभरे इस घातक वायरस से पूरी दुनिया में दो लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और तीस लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हैं। इनमें से बड़ी संख्या में अमेरिकी नागरिक हैं। अमेरिका में अभी तक इस वायरस की वजह से 56,000 लोगों की मौत हो चुकी है और दस लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हैं। कई देश चीन से मुआवजे वसूलने की बात करना शुरू कर चुके हैं।

## चीन ने टेस्ट किट कैंसिल करने पर जताई नाराजगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। कोरोना वायरस महासंकट के बीच दुनियाभर में घटिया रैपिड एंटीबॉडी टेस्ट किट बेचकर विवादों में आया चीन अब भारत के ऑर्डर कैंसिल करने पर भड़क उठा है। चीन ने कहा है कि वह इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के परिणामों और फैसले से बेहद चिंतित है। चीन ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोग अपनी पक्षपातपूर्ण सोच की वजह से चीन के टेस्ट किट को दोषपूर्ण बता रहे हैं।

भारत में चीन के दूतावास ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा, चीन से निर्यात किए गए प्रॉडक्ट की गुणवत्ता हमारी

**भड़का चीन, कहा–भारत के फैसले से बेहद चिंतित**

प्राथमिकता है। कुछ लोग चीन के प्रॉडक्ट को अपनी पक्षपातपूर्ण सोच की वजह से दोषपूर्ण बता रहे हैं। यह अन्यायपूर्ण और गैरजिम्मेदाराना है। चीन ने कहा कि हम भारत के टेस्ट के परिणामों के मूल्यांकन और इस फैसले से बेहद चिंतित हैं। साथ ही हम आशा करते हैं कि भारत चीन की अच्छी सोच और संवेदनशीलता का सम्मान करेगा। साथ ही इसका सही तरीके से हल करेगा।

बता दें कि देश में चीन निर्मित रैपिड एंटीबॉडी टेस्ट किट को खरीदने में कथित भ्रष्टाचार को लेकर अफवाहों का दौर जारी है।



**फिर ऑफिस पहुंचे ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। कोरोना से जंग जीतने के बाद एक हफ्ते पहले अस्पताल से डिस्चार्ज होने वाले ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन ने सोमवार को अपने ऑफिस में फिर से कामकाज संभाल लिया। यूके की मीडिया के अनुसार, कोरोना से संक्रमित होने के बाद अस्पताल में भर्ती हुए जॉनसन को 12 अप्रैल को डिस्चार्ज किया गया था। इसके बाद वह सोमवार को अपने ऑफिस 10, डाउनिंग स्ट्रीट पहुंचे और प्रधानमंत्री का कामकाज संभाला। बोरिस की गैरमौजूदगी में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डॉमिनिक राब उनकी जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

## कोरोना वैक्सीन के लिए अमेरिका पर साइबर अटैक कर रहा है चीन?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। चीन के ऊपर कोरोना वायरस को लेकर दुनिया को अंधेरे में रखने का आरोप लगाते आ रहे अमेरिका ने एक और बड़ा आरोप जड़ा है। देश के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन का कहना है कि चीन ने उसकी कोरोना वायरस वैक्सीन से जुड़ी रीसर्च को चुराने की कोशिश की है। अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका की एजेंसियों और मेडिकल संस्थानों पर साइबर अटैक बढ़ते जा रहे हैं। अधिकारियों ने दावा किया है कि अस्पताल, रीसर्च लैब, हेल्थ केयर प्रोवाइडर और फार्मसूटिकल कंपनियों पर इसका असर पड़ा है।

**हर दिन हो रहे अटैकः** एक दावा, मेडिकल संस्थानों, लैब पर हमला

अधिकारी ने सीएनएन को बताया है कि डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ ऐंड ह्यूमन सर्विसेज पर हर दिन साइबर अटैक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में सिर्फ दो जगहें ऐसी हैं जो इस डिपार्टमेंट पर इस तरह का हमला कर सकती हैं। उनका इशारा रूस और चीन की ओर था। सीएनएन से बातचीत में इस अधिकारी ने चीन को ताजा हमलों के लिए संदिग्ध बताया है।

**सबसे जरूरी वैक्सीन की रीसर्च** वहीं, डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस के मुताबिक चीनी हैकरों के अमेरिका के अस्पतालों और लैब पर कोरोना से जुड़ी रीसर्च के लिए हमला किए जाने की चिंता है। डिपार्टमेंट के नैशनल सिक्यॉरिटी डिविजन के हेड जॉन डेमर के मुताबिक कोरोना वायरस की वैक्सीन के लिए की जा रही बायोमेडिकल रीसर्च से ज्यादा जरूरी कुछ नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सिर्फ कमर्शली नहीं बल्कि जो भी देश, कंपनी या लैब पहले पहले वैक्सीन बनाती है, वह जियोपॉलिटिकल सफलता की कहानी लिखेगी।

**चार देशों पर आरोपः** पिछले महीने साइबर सिक्यॉरिटी ग्रिप फायर–आई के मुताबिक चीन के ।च्ज्41 ग्रुप ने ब्रॉडकास्ट कैंपेन चलाया था। देश के विदेश सचिव माइक पॉम्पियो ने भी कहा था कि चीन के साइबर हमलों से अपने संसाधनों को बचाना बेहद अहम है।

## अमेरिका में कोरोना के मरने वालों की संख्या 70,000 तक पहुंच सकती है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अनुमान जताया है कि कोरोना वायरस संक्रमण के कारण अमेरिका में मृतक संख्या 70,000 तक जा सकती है लेकिन यह भी कहा कि शुरू में व्यक्त किए गए अनुमानों में यह संख्या बहुत ज्यादा थी। इसी के साथ उन्होंने यह बताने की भी कोशिश की कि नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में मतदाताओं को उन्हें ही फिर से क्यों चुनना चाहिए। ट्रंप इसी महीने कई बार अनुमान जता चुके हैं कि कोविड–19 से अमेरिका में करीब 60,000 लोगों की मौत हो सकती है। ट्रंप से सोमवार को व्हाइट हाउस प्रेस वार्ता के दौरान पूछा गया था कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति वियतनाम युद्ध की तुलना में छह हफ्तों में ज्यादा अमेरिकियों की मौत होने के बाद फिर से चुने जाने के हकदार हैं। वियतनाम युद्ध में करीब 58,000 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के आंकड़ों के मुताबिक अमेरिका में कोविड–19 मृतकों की संख्या 55,000 के पार जा चुकी है। ट्रंप ने कहा कि देश ने बहुत से लोग गंवा दिए। ट्रंप ने कहा, "मेरे हिसाब से मैंने बहुत अच्छा काम किया है। मैं कहूंगा, एक व्यक्ति के लिए यह बहुत है।"